# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

**First Term Examination - 2018**

**Class : 5**

**SUB: Hindi Text** F.M.90

**DURATION: 2 Hrs30Mins** DATE:17.04.2018

**GROUP-A**

1.सही विकल्प चुने: 1x5=5

i) सावन के घन कहाँ छा रहे हैं :

a) नील गगन में b) पर्वत पर

c) नदियों पर d) सागर पर

ii) कल -कल छल - छल के मृदु स्वर से ईश्वर यश गान कौन गा रहा है :

a) पक्षी b) चाँद

c) सरिताएं d) उपवन

iii) सोने के पिंजरे में जाते ही चिड़िया :

a) खुश हो गई b) बहुत चुप हो गई

c) गुस्सा हो गई d) झगड़ने लगी

iv) ओणम के दुसरे दिन को ______________ कहते हैं

a) पुकल्लम b) पाएस

c) तिरुओणम d) कैकोत्त्तिकली

v) बसंत का भाई, प्रताप किसका घर ढूंढ रहा था :

a) कृष्णकुमार b) डॉ. वर्मा

c) भीखू d) राजकिशोर

2. दिए गये शोब्दों के अर्थ लिखकर उनसे अर्थ बनाये : 1x8=8

रूआंसा, प्रशंसा , स्वयं , शीतल , उत्सुक, कुशल, अद्भुत ,ठगना

3.दिए गये प्रश्नों के उत्तर एक -दो शब्द में लिखें : 1x10=10

i) सुनहरी चिड़िया पाठ में राजा का नाम क्या था

ii) किसकी बात सुनकर मुन्नी अत्यंत क्रोधित हो गई ?

iii) केरल के राजा का क्या नाम था ?

iv) बसंत के भाई का क्या नाम था ?

v) भगवान इंद्र ने अपनी चिंता किसे बताई ?

vi) ओणम त्योहार हमें क्या सन्देश देता है ?

vii) ओणम का त्योहार किस मास में मनाया जाता है ?

viii) किसकी सुनहरी किरणे तिनके-तिनके को सोने सा दमकाती हैं ?

ix) निन्नी ने सिपाहियों को किससे घायल कर दिया ?

x) बसंत में कौन सा दुर्लभ गुण था ?

## GROUP-B

4. दिए गये प्रश्नों के उत्तर 3-4 वाक्यों में लिखो : 3x5=15

a) राजा मानसिंह राई गाँव क्यों आये थें ?

b) बसंत राजकिशोर के पैसे क्यों नहीं लौटा सका था ?

c) राजा ने चिड़िया को क्यों स्वतंत्र कर दिया ?

d) निन्नी ने जंगली भैंसे को किस प्रकार मार गिराया ?

e) नदियाँ जग के निर्माता का यशगान किस प्रकार करती हैं ?

5.किसने किससे कब कहा : 3x4=12

a) "नहीं राजन यह बीमार नहीं है । इसे पिंजरा अच्छा नहीं लगता ।"

b) " बच्चे ! रोओ मत । अभी तुम्हारे साथ चलता हूँ ।"

c) " तुम कौन हो ? और यहाँ क्यों आये हो ?"

## GROUP-C

6.दिए गये प्रश्नों के उत्तर 6- 8 वाक्यों में लिखें : (answer any 8 questions)

5X8=40

a) राजकिशोर ने अमरसिंह से किसे साथ लेकर आने को कहा और क्यों ? यदि आप राजकिशोर होते तो बसंत की सहायता किस प्रकार करते ?

b) ओणम का त्यौहार किस प्रकार मनाया जाता है ? पुक्कलम किसे कहते हैं ?

c) वामन अवतार विष्णु ने महाबली से क्या माँगा ? यदि आपको माहाबली की दयालुता की परीक्षा लेनी होती तो आप उनसे क्या मांगते ?

d) घुड़सवार की बात सुनकर निन्नी ने क्या किया ? निन्नी इतिहास में गूजरी रानी के नाम से क्यों प्रसिद्ध हुई ?\

e) एक चित्र बनांये जिसमे सूरज , पहाड़ , नदी और पेड़ हो । उस चित्र में रंग भरे और नाम भी दे ?

f) कविता " जग के उस निर्माता को हम " में जग का निर्माता किसे कहा गया है ? यदि एक दिन के लिए सूरज न निकले तो आपकी ज़िन्दगी कैसे बदल जाएगी ?

g) कविता की पंक्तियाँ पूरी करें तथा कविता और कवि का नाम भी लिखें :

संध्या होते ही जो नभ पर
सुन्दर मोती बिखराता है ,
__________________
__________________
__________________
__________________
__________________
__________________

h) चिड़िया का रंग और उसकी आवाज़ कैसी थी ?अंत में राजा खुश क्यों था ?

i) आपके अनुसार क्या हमें पशु-पक्षियों की पिंजरे में बंद करके रखना चाहिए ?यदि आपको सोने के पिंजरे में रखा जाय और खाने के लिए स्वादिष्ट पकवान दिए जाए तो कितनी ख़ुशी होगी ? अपने मन के भाव लिखें ?

j) निन्नी की कौन सी बात आपको अच्छी लगी और क्यों ? आपके परिवार सबसे साहसी कौन है , एक उदाहरण देकर लिखें ?

FOR GOD AND COUNTRY

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

**First Term Examination-2018**

**Sub: Hindi Literature** **Class: V** **F.M.:90**

**Duration: 2Hours 30 Mins** **Date : 17.4.18**

**ANSWER KEY**

**GROUP-A**

1.सही विकल्प चुने: 1x5=5

i) सावन के घन कहाँ छा रहे हैं :

a) नील गगन में

ii) कल -कल छल - छल के मृदु स्वर से ईश्वर यश गान कौन गा रहा है :

c) सरिताएं

iii) सोने के पिंजरे में जाते ही चिड़िया :

b) बहुत चुप हो गई

iv) ओणम के दुसरे दिन को ____________ कहते हैं

c) तिरुओणम

v) बसंत का भाई, प्रताप किसका घर ढूंढ रहा था :

d) राजकिशोर

2. दिए गये शोब्दों के अर्थ लिखकर उनसे अर्थ बनाये : **1x8=8**

रूआंसा ( रोनी सूरत ), प्रशंसा(तारीफ़) , स्वयं( खुद) , शीतल( ठंडा) , उत्सुक( इच्छुक), कुशल(होशियार), अद्भुत( अनोखा) ,ठगना(धोखा देकर धन हड़प लेना) शब्दों से अर्थ बनाएं

3.दिए गये प्रश्नों के उत्तर एक -दो शब्द में लिखें : **1x10=10**

i) उदयमन

ii) सिपाहियों की

iii) महाबली

iv) प्रताप

v) भगवन विष्णु

vi) एकता और भाईचारा

vii) श्रावण मास

viii) सूरज

ix) तीरों और भाले से

x) ईमानदारी

## GROUP-B

4. दिए गये प्रश्नों के उत्तर 3-4 वाक्यों में लिखो : 3x5=15

a) राई गाँव के पुजारी ने राजा मानसिंह से मंदिर बनवाने की प्रार्थना की थी। उसकी प्रार्थना करने पर राजा मानसिंह गाँव आये थे साथ ही उनके मन में निन्नी जैसी बहादुर लड़की से मिलने की भी इच्छा थी।

b) बसंत बड़ा ही भला और ईमानदार बालक था। राजकिशोर के दिए पैसे को भुनाने के लिए जब वह गया तो बहुत देर तक वापस ही नहीं आया। बाद में खबर मिलती है की वह एक मोटर के नीचे आ गया था जिसकी वजह से उसे काफी चोट आई और उसको दोनों पैर कुचल गये थें। यही कारण था की बसंत पैसे सही समय पर न लौटा सका।

c) सोने के पिंजरे में रखने के बाद भी चिड़िया हमेशा उदास रहती थी। मीठे - मीठे फल , स्वादिष्ट पकवान मिलने पर भी वह कभी खुश न थी। रानी ने राजा को समझाया की चाहे जितनी भी सुख सुविधायें उसे मिल जाएँ चिड़िया की ख़ुशी उसकी आज़ादी में ही है। वह खुले आसमान में उड़ कर तथा आज़ाद रह कर ही खुश हो सकती है। जब तक वह मनन से खुश नहीं होगी वह कभी नहीं गाएगी। अंत में राजा ने उसे आज़ाद कर दिया और दुसरे ही दिन देखा की वह चिड़िया फिर से गाने लगी। उसके सुरीले गीत सुनने के लिए राजा तरस गये थे।

d) निन्नी बहुत बहादुर लड़की थी। उसने बड़ी फूर्ती से भैसे के सींग पकड़ लिए और अपनी पूरी शक्ति से सींगो को मरोड़ दिया। जब भैसा बेबस सा हो गया ,तभी निन्नी ने भैसे पर भाले का तेज़ प्रहार किया। भैसा तड़प कर ज़मीन पर गिर पडा।

e) नदियाँ जग के निर्माता का यशगान अपने कल-कल छल - छल के मृदुस्वर से सुन्दर गीत गाकर करती हैं।

5.किसने किससे कब कहा : 3x4=12

a) "नहीं राजन यह बीमार नहीं है। इसे पिंजरा अच्छा नहीं लगता।"

उपर्युक्त पंक्तियाँ हमारे पाठ्य पुस्तक नयी दिशा के 'सुनहरी चिड़िया ' नामक पाठ से ली गयी हैं। यह पंक्तियाँ रानी अपने राजा से तब कहती हैं जब राजा दुखी होकर पूछते हैं की क्या चिड़िया बीमार है , वह अपनी सुरीली आवाज़ में गाना क्यों नहीं गा रही।

b) " बच्चे ! रोओ मत। अभी तुम्हारे साथ चलता हूँ।"

उपर्युक्त पंक्तियाँ हमारे पाठ्य पुस्तक नयी दिशा के 'ईमानदार बालक ' नामक पाठ से ली गयी हैं। इसके रचयिता विष्णु प्रभाकर हैं। यह पंक्तियाँ राजकिशोर बसंत के भाई , प्रताप से तब कहते हैं जब प्रताप उन्हें भुने पैसे लौटने आता है और साथ ही बसंत की सड़क दुर्घटना के बारे में भी बताता है।

c) " तुम कौन हो ? और यहाँ क्यों आये हो ?

उपर्युक्त पंक्तियाँ हमारे पाठ्य पुस्तक नयी दिशा के 'गूजरी रानी ' नामक पाठ से ली गयी हैं।" यह पंक्तियाँ निन्नी ने घुड़सवारों से तब कही थी जब निन्नी जंगले में शिकार करने गई थी और वे अचानक से उसके सामने आ जाते हैं।

## GROUP-C

6.दिए गये प्रश्नों के उत्तर 6- 8 वाक्यों में लिखें : (answer any 8 questions)

5X8=40

a) राजकिशोर ने अमरसिंह से डॉक्टर वर्मा को जल्द से जल्द अहीर टोला लाने को कहा क्योंकि बसंत को बहुत गहरी चोट लगी थी। अपने विचार लिखें

b) ओणम का त्यौहार श्रावण मास में मनाया जाता है। केरलवासी अपने राजा के स्वागतके रूप में ओणम का त्यौहार बड़ी धूम धाम से मानते हैं। परिवार का मुखिया हर सदस्य को नए वस्त्र देता है। घर की अच्छी तरह सफाई की जाती है , बच्चे टोकरियाँ लेकर फूल इकट्ठे करने निकल पड़ते हैं। चावल के तरह तरह के पकवान बनाये जाते हैं , घर -घर प्रीतिभोज का आयोजन होता है , कविता -पाठ , नृत्य - गायन का आयोजन होता है। ओणम पर यहा की नौका दौड़ देखने के लिए देश-विदेश से सैंकड़ो दर्शक इस अद्भुत दृश्य को देखने आते हैं।

रंग-बिरंगे फूलों से सुन्दर-सुन्दर गोल-गोल आकृतियाँ बनायीं जाती हैं जिन्हें 'पुक्क्लम कहते हैं।

c) वामन अवतार विष्णु ने महाबली से तीन पग ज़मीन की मांग की थी। यदि आपको माहाबली की दयालुता की परीक्षा लेनी होती तो आप उनसे क्या मांगते ------अपने विचार विस्तार से लिखें।

d) घुड़सवार की बात सुनकर निन्नी ने निन्नी अत्यंत क्रोधित हो उठी और उसने अपने तीरों और भाले से दोनों को घायल कर दिया दोनों वहीं ढेर हो गये। निन्नी का विवाह रजा मानसिंह के साथ हो गया। वह ग्वालियर की रानी बन गई। रानी बनने के बाद निन्नी का नाम मृगनयनी रखा गया। गूजर किसान की लड़की होने के कारण निन्नी इतिहास में गूजरी रानी के नाम से प्रसिद्ध हुई।

e) एक चित्र बनाएं .......

f) कविता " जग के उस निर्माता को हम " में जग का निर्माता भगवान् को कहा गया है। यदि एक दिन के लिए सूरज न निकले तो आपकी ज़िन्दगी कैसे बदल जाएगी - अपने विचार लिखें .......

g) कविता - जग के उस निर्माता को हम कवि - द्वारिकाप्रसाद माहेश्वरी

संध्या होते ही जो नभ पर<br>
सुन्दर मोती बिखराता है ,<br>
_और प्रातः ही भू पर __<br>
_जो आ उन्हें लुटा जाता है__

___जिसके शशि की रजत -रश्मियाँ ___<br>
__कण-कण चांदी - सा चम्कातीं ,_____<br>
और सुनहरी रवि को किरणें ___<br>
________तृण -तृण सोना - सा दम्कातीं______

h) चिड़िया का रंग सुनहरा था और उसकी चोंच काली थी। उसका गाना सुनकर ऐसा लगता मानो कोई बांसुरी बजा रहा हो। सोने के पिंजरे में रखने के बाद भी चिड़िया हमेशा उदास रहती थी। मीठे - मीठे फल , स्वादिष्ट पकवान मिलने पर भी वह कभी खुश न थी। रानी ने राजा को समझाया की चाहे जितनी भी सुख सुविधायें उसे मिल जाएँ चिड़िया की ख़ुशी उसकी आज़ादी में ही है। वह खुले आसमान में उड़ कर तथा आज़ाद रह कर ही खुश हो सकती है। जब तक वह मनन से खुश नहीं होगी वह कभी नहीं गाएगी। अंत में राजा ने उसे आज़ाद कर दिया और दुसरे ही दिन देखा की वह चिड़िया फिर से गाने लगी। उसके सुरीले गीत सुनने के लिए राजा राजा तरस गये थे। यही कारण था की वे बहुत खुश हो गये।

i) अपने विचार विस्तार से लिखें ......

j) अपने विचार लिखकर अपने परिवार के किसी सदस्य के बारे में बताएं जहा उन्होंने अपनी बहादूरी का प्रदर्शन किया हो।